हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 18 जुलाई 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 श्री जगन्नाथ के श्रीअंगों का स्पर्श पाकर आभूषण भी...

07 अस्पताल में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, मरीजों से...

खबर संक्षेप

विभाग ने की जांच 8 वाहनों पर कार्रवाई

विदिशा। परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने मानौरा रोड पर वाहनों की जांच की। परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 8 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 76 हजार 700 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। अधिकारियों ने वाहन चालकों को ओवरलोडिंग से बचने, सभी दस्तावेज साथ रखने नियमों का पालन करने हिदायत दी।

11 अक्टूबर को सागर में होगी अग्निवीर भर्ती रैली

विदिशा। अग्निवीर क्लर्क, एसकेटी श्रेणी के चयनित अभ्यर्थियों की भर्ती रैली 11 अक्टूबर को इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज सागर में होगी। ऑनलाइन सीईई परीक्षा में सफल अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण सहित अन्य चयन प्रक्रियाओं में भाग लेंगे। विदिशा सहित मप्र के 15 जिलों के अभ्यर्थी इसमें शामिल होंगे। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में निर्धारित समय पर ही रैली स्थल पर पहुंचना होगा। प्रवेश पत्र, सभी मूल दस्तावेज व उनकी प्रतियां साथ लाना होगीं। आधार से लिंक मोबाइल नंबर वाला स्मार्टफोन और सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन भी साथ रखना होगा।

बैठक 26 को होगी

विदिशा। मीणा समाज शक्ति संगठन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 26 जुलाई को शुजालपुर में आयोजित होगी। इसमें मध्य प्रदेश सहित संगठन के चारों प्रमुख प्रांतों के पदाधिकारी, कोर टीम और सभी जिला अध्यक्ष शामिल होंगे। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश मीणा ने बताया कि बैठक में पंचायत, नगरीय निकाय और विधानसभा चुनावों में समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही युवा एवं महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, स्टार्टअप, संगठन विस्तार, 'गोत्र वाटिका' पर चर्चा की जाएगी।

बंटीनगर में सूने मकान से नकदी-जेवर चोरी

विदिशा। बंटीनगर स्थित सांवरिया सेठ श्रीधाम कॉलोनी में सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 16 हजार नकद, सोने की झुमकी, बाली सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक परमानंद जाटव परिवार सहित सागर गए थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल से लोहे का पाना और टूटा ताला बरामद कर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

वार्ड नंबर 26 के पार्षद लीलाधर लोधी का निधन

विदिशा। वार्ड 26 हरिपुरा के पार्षद लीलाधर लोधी का शुक्रवार को भोपाल एम्स में निधन हो गया। करीब 15 दिन पहले हार्ट अटैक आने के बाद उन्हे भोपाल ले जाया गया था। भोपाल एम्स में उनका उपचार चल रहा था। शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके शव को विदिशा लाया जा रहा है। शनिवार को बेतवा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

अमृत भारत स्टेशन बना विदिशा की नई पहचान, पीएम मोदी ने किया लोकार्पण

शिवराज बोलेः आधुनिक रेलवे विकसित भारत की आधारशिला, सांसद रजनीश अग्रवाल ने कहाः विकास को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधुनिक स्वरूप में विकसित विदिशा रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी वर्चुअल रूप से जुड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर के 75 अमृत भारत स्टेशनों का लोकार्पण हुआ है, जिनमें मप्र के 13 स्टेशन शामिल हैं। उन्होंने इसे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल ने कहा कि केंद्र सरकार रेलवे को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि आधुनिक स्टेशन बनने से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, सहित कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, के अलावा जनप्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

विदिशा। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत करते हुए अतिथि।

ट्रेनों के स्टॉपेज की मांगः विधायक टंडन ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम डीआरएम को सौंपा मांग पत्र

कार्यक्रम के दौरान विधायक मुकेश टंडन ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को संबोधित एक मांग पत्र डीआरएम को सौंपकर विदिशा और गुलाबगंज रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा प्रमुख ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग उठाई। विधायक ने बताया कि दोनों स्टेशनों से प्रतिदिन हजारों यात्री यात्रा करते हैं, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विदिशा स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 एवं 3 पर शेड निर्माण, प्लेटफॉर्म 1, 2 और 3 पर शौचालयों की व्यवस्था, प्लेटफॉर्म 4 की बंद टिकट खिड़की को पुनः शुरू करने, अतिरिक्त टिकट विंडो खोलने तथा स्टेशन के दोनों ओर पार्किंग क्षेत्र में शेड निर्माण की मांग की। वहीं, गुलाबगंज स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर, मूत्रालय और रेलवे भूमि से सटे क्षेत्र में नाली निर्माण की अनुमति देने का आग्रह किया। मांग पत्र में विदिशा स्टेशन पर शताब्दी, कर्नाटक, सचखंड, केरला, गोवा, मंगला लक्षद्वीप, समता, तुलसी, इंदौर–पटना, यशवंतपुर, अहमदाबाद–सहरसा तथा महाकाल एक्सप्रेस सहित 12 प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई। साथ ही रीवांचल एक्सप्रेस सहित चयनित ट्रेनों का गुलाबगंज स्टेशन पर भी स्टॉपेज सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

चिकित्सा शिक्षकों का आंदोलन तेज, पदोन्नति नियमों में बदलाव की मांग

एक घंटे किया काम का बहिष्कार, मानकों के अनुसार पदोन्नति लागू करने की उठाई मांग

■ नई व्यवस्था के कारण योग्य शिक्षकों को भी समय पर पदोन्नति नहीं मिल पा रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षकों का पदोन्नति को लेकर आंदोलन शुक्रवार से तेज हो गया। चिकित्सा शिक्षक संघ ने प्रदेश में लागू नई पदोन्नति व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। संघ का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के कारण चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की पदोन्नति का मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। इसलिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के निर्धारित मानकों के अनुसार ही पदोन्नति प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए।

शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक सभी चिकित्सा शिक्षकों ने नियमित कार्य का बहिष्कार कर महाविद्यालय परिसर में धरना दिया। हालांकि इस दौरान आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं पूरी तरह संचालित होती रहीं और गंभीर मरीजों के उपचार पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ने दिया गया। संघ ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन केवल अपनी मांगों के समर्थन में है और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। चिकित्सा शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग में पदोन्नति के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के नियम लागू किए गए हैं, जबकि वर्षों से देशभर के चिकित्सा महाविद्यालयों में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के मानकों के अनुरूप ही पदोन्नति होती रही है। उनका कहना है कि नई व्यवस्था के कारण योग्य शिक्षकों को भी समय पर पदोन्नति नहीं मिल पा रही है, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

चिकित्सा शिक्षक संघ के अनुसार इस संबंध में पहले भी शासन और प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे गए तथा मौखिक रूप से समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी कारण 15 जुलाई को संघ की कोर समिति और 16 जुलाई को आयोजित आमसभा में सर्वसम्मति से चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया।

विदिशा। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षक।

अगला चरणः 18 को 3 घंटे तक काम बंद रखा जाएगा

आंदोलन के अगले चरण में 18 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक 3 घंटे काम का बहिष्कार किया जाएगा। लेकिन आपातकालीन सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। 20 जुलाई को पदाधिकारियों की बैठक में आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते पदोन्नति संबंधी विसंगतियों का समाधान नहीं किया गया तो मेडिकल कॉलेजों में वरिष्ठ शिक्षकों के पद लगातार रिक्त होते जाएंगे। इसका सीधा असर महाविद्यालय की मान्यता, चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता तथा भविष्य में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की सीटों में प्रस्तावित बढ़ोतरी पर पड़ सकता है। साथ ही विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी होने से मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित होने की आशंका है। चिकित्सा शिक्षकों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि पदोन्नति प्रक्रिया राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के मानकों के अनुरूप लागू कर लंबे समय से चली आ रही विसंगतियों का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि आंदोलन समाप्त हो सके और चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारु संचालन बना रहे।

दूसरे दिन निज धाम लौटे प्रभु जगदीश स्वामी, जयघोष और पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

मानौरा की 300 वर्ष पुरानी रथयात्रा का श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील के प्रसिद्ध मिनी जगदीशपुरी मानोरा धाम में आयोजित भगवान जगन्नाथ स्वामी की ऐतिहासिक रथयात्रा का समापन शुक्रवार को श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ हुआ।

16 जुलाई को रथयात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा जनकपुरी स्थित राम रसिया दरबार श्री हनुमान जी महाराज मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए विराजमान हुए थे। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे भगवान अपने निज धाम श्री जगदीश स्वामी मंदिर लौटे, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के जयघोष और पुष्पवर्षा के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

वापसी यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। ग्रामीणों ने रंग-बिरंगी रंगोलियां सजाईं, कलश स्थापित किए और पुष्पवर्षा कर भगवान का अभिनंदन किया। मंदिर पहुंचने पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाआरती संपन्न हुई तथा भगवान को पुनः गर्भगृह में विराजमान कराया गया। आयोजन को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस एवं अन्य विभागों ने व्यापक सुरक्षा और व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। रथयात्रा के दूसरे दिन भी जनकपुरी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। करीब 300 वर्षों से चली आ रही मानोरा धाम की यह ऐतिहासिक रथयात्रा आज भी सनातन आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक बनी हुई है।

कायाकल्प योजना में अस्पताल प्रदेश में चौथे स्थान पर, इको-फ्रेंडली श्रेणी में बना नंबर वन

स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण के उत्कृष्ट कार्यों से मिली बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा जिला अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए कायाकल्प योजना में प्रदेशभर में चौथा स्थान प्राप्त किया है। वहीं इको-फ्रेंडली थीम श्रेणी में अस्पताल ने मप्र में प्रथम स्थान हासिल किया। क्वालिटी नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद मिश्रा ने बताया कि कायाकल्प योजना के सभी निर्धारित मानकों और इको-फ्रेंडली प्रोटोकॉल का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों, सुरक्षा एवं सफाई कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद सभी कर्मचारियों ने स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और पर्यावरण-अनुकूल व्यवस्थाओं पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया।

सिविल सर्जन डॉ. अनूप वर्मा ने बताया कि अस्पताल परिसर में नियमित सफाई, संक्रमण नियंत्रण के प्रभावी उपाय, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन तथा हरित पहल को प्राथमिकता दी गई। सभी विभागों के बेहतर समन्वय, अनुशासन और टीमवर्क के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी। उन्होंने बताया कि कायाकल्प योजना के मूल्यांकन के दौरान गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ एवं सुरक्षित अस्पताल परिसर, संक्रमण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मानकों का गहन परीक्षण किया गया, जिसमें जिला चिकित्सालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

तिरुपति गार्डन चोरी का खुलासा, 2 महिलाएं समेत तीन गिरफ्तार

विदिशा। कोतवाली पुलिस ने तिरुपति गार्डन में हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे में खुलासा कर दो महिलाओं और एक पुरुष आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए लोहे के एंगल बरामद किए गए हैं। 16 जुलाई को तिरुपति गार्डन के संचालक अंकित दुबे ने गार्डन परिसर से लोहे के एंगल, मोटर और केबल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने कबाड़ी की दुकान पर चोरी का सामान बेचने जतरापुरा निवासी 27 वर्षीय शिवानी आदिवासी, 35 वर्षीय फूलवती पारदी तथा रंगई निवासी 18 वर्षीय हमजा पिता अली हुसैन को गिरफ्तार किया है।

वनभूमि पर की सोयाबीन की बोवनी, विभाग ने ट्रैक्टर चलवा डाला और फसल नष्ट कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

वनभूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ वन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए भगवानपुर के कक्ष क्रमांक 270 में करीब 100 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। डीएफओ हेमंत यादव के निर्देश पर वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बोई गई सोयाबीन की फसल पर ट्रैक्टर चलवाकर उसे नष्ट कराया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण के लिए लगाई गई बागड़ और तार फेंसिंग भी हटाई गई। बताया गया कि हाल ही में वन भूमि पर खेती किए जाने संबंधी खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग ने मामले का संज्ञान लिया और त्वरित कार्रवाई की। वन विभाग की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश ने कहा कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे अतिक्रमणों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

फसल नष्ट कराते हुए वन विभाग के अधिकारी

पंद्रह अगस्त तक चलेगा मेरा भारत पोर्टल पंजीयन अभियान

समिति की बैठक में ऑनबोर्डिंग, कैंपस एंबेसडर व 'नशा मुक्त युवा' अभियान की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित माय भारत के तहत गुरुवार को जिला समन्वय समिति की बैठक माय भारत कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में 1 जुलाई से 15 अगस्त तक चल रहे माय भारत पोर्टल सघन पंजीयन अभियान की समीक्षा करते हुए 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई।

बैठक में कॉलेजों, आईटीआई, प्रशिक्षण संस्थानों और विभिन्न विभागों से विशेष पंजीयन अभियान चलाने तथा माय भारत पोर्टल पर शीघ्र ऑनबोर्डिंग पूरी करने का आग्रह किया गया। अधिकारियों ने अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से जन-आंदोलन का स्वरूप देने पर बल दिया, ताकि युवाओं को स्वयंसेवी अवसरों, कौशल प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास, खेल, स्वच्छता, डिजिटल जागरूकता और सामुदायिक विकास से जुड़े एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम्स (ईएलपी) आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। साथ ही प्रत्येक महाविद्यालय में माय भारत कैंपस एंबेसडर नियुक्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

सर्वज्ञ जैन ने 638 अंक प्राप्त कर 220वीं रैंक हासिल की

नीट यूपी परीक्षा में विजेंद्र सिंह अकादमी का शानदार प्रदर्शन 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के परिणामों में विजेंद्र सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

संस्थान के 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि कई विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय स्तर पर भी उल्लेखनीय स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। विशेष उपलब्धि यह रही कि संस्थान के दो विद्यार्थियों ने जीव विज्ञान विषय में पूर्ण 360 में से 360 अंक प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया। संस्थान के प्रमुख सफल विद्यार्थियों में सर्वज्ञ जैन ने 638 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 2458वीं तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में 220वीं रैंक हासिल की। आशु किरार ने 618 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 5388वीं तथा अन्य पिछड़ा वर्ग में 2216वीं रैंक प्राप्त की। गौरव सिंह राजपूत ने 605 अंक, अतिशय वर्मा ने 568 अंक, अविस्का जैन ने 525 अंक, अंशिता बघेल ने 522 अंक तथा गीतांश शर्मा ने 518 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। इसके अतिरिक्त भी संस्थान के 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त कर शासकीय एवं निजी चिकित्सा कॉलेजों में प्रवेश की दिशा में मजबूत दावेदारी प्रस्तुत की है। संस्थान के निदेशक विजेंद्र सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासित अध्ययन और सही मार्गदर्शन का परिणाम होती है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों का चयन कराना नहीं, बल्कि उन्हें उत्कृष्ट चिकित्सक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी संस्थान इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा।

विदिशा। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खुशी का इजहार करते हुए विजेंद्र अकादमी के संचालक।

चार्वाक के प्रभाव पर 19 जुलाई को होगा सर्वधर्म समभाव व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज विदिशा। गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मासिक सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला की आठवीं कड़ी 19 जुलाई, रविवार को सुबह 10:30 बजे श्रीरामनगर स्थित माँ हॉस्पिटल में होगी। इस बार व्याख्यान का विषय भारतीय दर्शन में चार्वाक का प्रभाव कितना? रखा गया है। मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्राचार्य आचार्य अखिलेश मालवीय होंगे, जबकि कार्यक्रम की प्रस्तावना राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक डॉ. परमानंद मिश्र प्रस्तुत करेंगे। आयोजन का उद्देश्य गांधी विचारधारा के आलोक में विभिन्न धर्मों और दर्शनों पर विद्वानों के विचार साझा करना तथा विषय पर चिंतन-मनन करना है। इससे पूर्व व्याख्यान माला में जैन दर्शन, सिख पंथ, उपनिषद, मसीही धर्म, सूफीवाद, बुद्ध और उनका धम्म तथा कबीर जैसे विषयों पर चर्चा हो चुकी है।

बासौदा मंडी भाव

गेंहू
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-4076
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-7450
चना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6162
उड़द
न्यूनतम भाव-6590
उच्चतम भाव-7770
धान
न्यूनतम भाव-2850
उच्चतम भाव-3850
मटर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3400
अलसी
न्यूनतम भाव-8000
उच्चतम भाव-8020
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7740
बटरी
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3680
मक्का
न्यूनतम भाव-1950
उच्चतम भाव-1980
धनिया
न्यूनतम भाव-13900
उच्चतम भाव-14700
मसूर
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-9540
मूंग
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-7370
तुअर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7200

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 9513.6 क्विंटल उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

गंजबासौदा। शुक्रवार को अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंज वितरण केन्द्र में संविदा पर पदस्थ किशोर गोहिते लाइन परिचालक ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेज दिया। जहां से पोस्टमार्टम पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

नगरपालिका करेगी विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में अनेकों निर्माण कार्यों का भूमिपूजन आज 18 जुलाई व कल 19 जुलाई को क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित समस्त वार्ड पार्षदों, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को दो स्थानों पर भूमि पूजन होने तय हुए हैं जिसमें पहला कार्यक्रम रघुवंशी धर्मशाला पर शाम 4 बजे होगा, जिसमें वार्ड 7, 8 व 23 के विभिन्न निर्माण कार्य शामिल रहेंगे, जिनकी कुल लागत लगभग 51.91 लाख रुपए आंकी गई है। वहीं दूसरा भूमिपूजन शाम 5 बजे तिरंगा चौक पर होना तय हुआ है जिसमें वार्ड 15, 17 व 21 के निर्माण कार्य होने हैं जिनकी अनुमानित लागत लगभग 55.79 लाख रुपए बताई जा रही है। इसी प्रकार रविवार को भी दो स्थानों पर भूमि पूजन के कार्यक्रम रखे गए हैं, जिसमें पहला कार्यक्रम शाम 4 बजे गौंड बाबा मंदिर के पास होना है। जिसमें वार्ड 1, 2 व 5 के कुल 19.91 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। वहीं शाम 5 बजे आदित्य परिसर के पास होने वाले भूमिपूजन में वार्ड 6 के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन होना तय हुआ है जिसकी कुल अनुमानित लागत 39.43 लाख रुपए बताई जा रही है। दो दिन के भूमिपूजन के कार्यों में कुल 18 निर्माण कार्य शामिल हैं जिनकी कुल अनुमानित लागत करीब 1 करोड़ 67 लाख रुपए बताई गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर के समस्त गणमान्य नागरिकों, जन प्रतिनिधियों से अपील की है कि निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

नौलखी मंदिर में आयोजित हो रही श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा

श्री जगन्नाथ के श्रीअंगों का स्पर्श पाकर आभूषण भी हो जाते हैं धन्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



स्वयं सौंदर्य के सागर भगवान को आभूषणों की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि उनके श्रीअंगों का स्पर्श पाकर आभूषण स्वयं धन्य और शोभायमान हो जाते हैं। संसार के समस्त दुखों का नाश कर जीव को अविनाशी आनंद प्रदान करने वाले भगवान श्रीजगन्नाथ ही दारु-ब्रह्म हैं। यह भावपूर्ण उद्गार नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित श्री नौलखी मंदिर में आयोजित श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा के प्रथम दिवस व्यक्त किए। श्री नौलखी मंदिर में चल रहे भगवान श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा के प्रथम दिवस श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण नजर आया। कथा व्यास नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने भगवान श्रीजगन्नाथ के दिव्य स्वरूप, महिमा और दारु-ब्रह्म स्वरूप का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया। कथा के दौरान महाराज ने कहा कि श्रृंगार उनकी सुंदरता बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि श्रृंगार सामग्री और आभूषणों को कृतार्थ करने के लिए किया जाता है। प्रभु की सेवा में समर्पित प्रत्येक वस्तु उनकी कृपा से सार्थक हो जाती है। उन्होंने जगन्नाथ तत्व की व्याख्या करते हुए कहा कि वेदांत में भगवान श्रीजगन्नाथ को 'दारु-ब्रह्म' कहा गया है। दारु-ब्रह्म वह परम तत्व है जो काष्ठ स्वरूप में प्रकट होकर भी समस्त संसार के दुखों का नाश कर जीव को अविनाशी आनंद प्रदान करता है। भगवान जगन्नाथ का स्वरूप केवल दर्शन का विषय नहीं, बल्कि अनंत प्रेम, करुणा और मोक्ष का द्वार है। महाराज श्री ने कहा कि जब भक्त निष्काम भाव से भगवान की शरण में आता है तो उसका जीवन धन्य हो जाता है। जगन्नाथ महाप्रभु अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं और उन्हें सांसारिक बंधनों से मुक्त कर परम आनंद की अनुभूति कराते हैं। कथा के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के दौरान भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा महारानी के जयघोषों से मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया तथा महाप्रभु के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। आयोजन समिति ने बताया कि श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा का आयोजन 25 जुलाई तक प्रतिदिन सायं 5 बजे से 6.30 बजे तक स्टेशन रोड स्थित श्री नौलखी मंदिर में किया जा रहा है। सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा में उपस्थित होकर भगवान श्रीजगन्नाथ की दिव्य महिमा का श्रवण करने का आग्रह किया गया है। बद्रीनाथ वृंदावन से पधारे संत महात्माओं ने अपनी उपस्थिति देकर आयोजन में दिव्यता प्रदान की। इस अवसर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने नौलखी मंदिर में उपस्थित होकर कथा का श्रवण कर धर्मलाभ लिया।

वार्ड 2 के आंगनवाड़ी केन्द्र पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वच्छता, पोषण तथा बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा ने स्वच्छता के अभाव में फैलने वाली बीमारियों जैसे डायरिया, डेंगू, मलेरिया, टायफाइड एवं अन्य संक्रामक रोगों के कारण, बचाव एवं रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित हाथ धोना, स्वच्छ पेयजल का उपयोग, साफ-सफाई बनाए रखना तथा कचरे का उचित निस्तारण स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी में आने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष चर्चा की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों को स्वच्छ, ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने, भोजन तैयार करने एवं परोसने में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा बरसात के मौसम में डायरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को नियमित रूप से साबुन से हाथ धुलवाने, स्वच्छ वातावरण में भोजन कराने तथा उनके स्वास्थ्य की सतत निगरानी रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी सहयोगी संस्था, नगर पालिका परिषद की ओर से अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम ने स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं जनभागीदारी के महत्व पर जानकारी देते हुए नागरिकों से अपने घर, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऊषा उपाध्याय, सहायिका भारती दांगी, स्वास्थ्य विभाग की एएनएम सहित स्थानीय नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वच्छता अपनाने, बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण का ध्यान रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ गंज बासौदा के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

कच्चा मकान भरभराकर गिरा

गंजबासौदा। शुक्रवार को सुबह के 4 बजे एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौशाला वार्ड नंबर 10 में स्टेशन एरिया स्कूल के पीछे बुजुर्ग अमर सिंह अहिरवार का कच्चा छप्पर उनके ऊपर गिर गया। सोते समय हुई इस घटना में अमर सिंह को चोटें आईं हैं वहीं घर, गृहस्थी का सामान भी खराब हो गया। जिससे मकान मालिक को नुकसान हो गया।

किसान की शिकायत पर कृषि अधिकारियों ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कृषि विभाग के बीज निरीक्षक सोनू सिंह लोधी के द्वारा एक कृषक के शिकायती आवेदन के आधार पर बीज विक्रेता मां कृषि सेवा केंद्र त्योंदा रोड के प्रोपराइटर सीताराम रघुवंशी की दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विभिन्न प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर संबंधित फर्म पर कार्रवाई करते हुए बीज लाइसेंस निलंबित किया गया।

खंभों से बिजली तार चोरी, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ग्राम हरगनाखेड़ी और शिवरामपुर पड़रिया के ग्रामीणों ने इलाके में बिजली तार चोरी को लेकर पड़रिया मोड हनुमान मंदिर के पास करीब एक घंटे तक चक्काजाम करते हुए प्रदर्शन किया। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 8, 9 जुलाई की दरम्यानी रात को हरगनाखेड़ी से उकायला की ओर 11 केव्ही लाइन का 5 खम्भों का तार चोरी हो गया था। जिसके कारण तीनों गांवों के ग्रामीण बिजली न होने की समस्या से जूझ रहे हैं। चक्काजाम की जानकारी लगते ही अंबानगर चौकी प्रभारी मनोज तिवारी अपने पुलिस बल के साथ में पहुंचे। लोगों ने उन्हें बिजली समस्या की जानकारी दी। उसके बाद में चौकी प्रभारी द्वारा आश्वासन दिया गया इसके बाद लोगों द्वारा जाम खोल दिया गया। देहात थाना पुलिस द्वारा तार चोरी के मामले में तीन अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया गया है।

दूसरे दिन भी हुई बारिश, फसलों को मिली राहत

गंजबासौदा। शुक्रवार को दूसरे दिन भी नगर में रुक रुक कर बारिश का दौर चला। जिससे सड़कें पानी से तरबतर हो गईं एवं मौसम में ठण्डक घुल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह से मौसम साफ बना हुआ था दोपहर के समय नगर में मामूली बूंदाबांदी हुई थी। शाम के समय आसमान पूरी तरह बादलों से घिर गया और गरज चमक के साथ नगर सहित आसपास के क्षेत्र में बौछारों का सिलसिला शुरु हो गया। जिससे फसलों को कुछ और राहत मिल गई है।वहीं वेबसाइटों ने आगामी 20 जुलाई तक इसी तरह मौसम रहने और उसके बाद इलाके में अच्छी और लगातार बारिश होने के संकेत दिए हैं।

बैंक उपभोक्ता हो रहे परेशान

गजबासौदा। इन दिनों त्योंदा क्षेत्र के बैंक उपभोक्ता बैंक ऑफ़ बड़ौदा में स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बैंक उपभोक्ताओं को सर्वर डाउन होने से सुबह से लेकर शाम तक सर्वर आने के इंतजार में बैंक में बैठना पड़ रहा है। जिसके चलते बैंक उपभोक्ताओं के बैंक संबंधी आवश्यक कार्य नहीं हो पा रहे हैं, जिससे उन्हे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आरोपियों ने मां, बेटे पर लाठियों से किया था जानलेवा हमला

हत्या के चार आरोपियों को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड से दंडित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

न्यायालय हरप्रसाद बंशकार, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

अपर लोक अभियोजक डॉ० अखिलेश लाहोरी के अनुसार फरियादी अमन कुशवाह ने दिनांक 29 जून 2021 को थाना शमशाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह ग्राम सींगाखेड़ी में रहता है और मेहनत-मजदूरी करता है। उसने कुछ दिन पहले उसके खेत में तिली सींची थी। बतर आने पर अभियुक्तगण समुंदर कुशवाह, भगवत सिंह कुशवाह, महेन्द्र कुशवाह एवं मेहरबान कुशवाह चारों उसके खेत पर गये और उसकी तिली को हांक दिया। सुबह करीब आठ बजे वह, उसकी मां विमलाबाई और भाई अजय खेत पर गये तो उन्होंने समुंदर कुशवाह, भगवत कुशवाह एवं महेन्द्र कुशवाह से कहा कि उन लोगों ने उनका खेत क्यों हांक दिया। इसी बात पर से चारों अभियुक्तगणों ने उनके साथ गाली, गलौंज करते हए उसकी मां विमलाबाई की डण्डे से मारपीट की, जिससे उसकी मां को गंभीर चोटें आई। भाई अजय को भी अभियुक्त मेहरबान कुशवाह ने लात घूसों से मारा। फिर उसने 100 डायल को फोन किया और मां को लेकर सरकारी अस्पताल ईलाज के लिये ला रहे थे, तभी रास्ते में मां विमलाबाई की मृत्यु हो गई। चारों अभियुक्तगण ने उसकी मां की हत्या कर दी है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय हरप्रसाद बंशकार, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रकरण में साक्ष्य की विवेचना और अपर लोक अभियोजक डॉ अखिलेश लाहोरी के तर्कों से सहमत होते हुये आरोपीगण भगवत कुशवाह उम्र 42 वर्ष, महेन्द्र कुशवाह 39 वर्ष, मेहरबान कुशवाह उम्र 29 वर्ष, समुन्दर कुशवाह उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सींगाखेड़ी को धारा 323 सहपठित धारा 34 में 3 माह का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदंड एवं 302 सहपठित धारा 34 भादंवि में आजीवन कारावास एवं 1,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक डॉ. अखिलेश लाहोरी द्वारा की गई।

कई घंटे बिजली प्रदाय रहा बंद

गंजबासौदा। बिजली वितरण कंपनी द्वारा आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते शुक्रवार को 11 केव्ही धर्मकांटा फीडर से विद्युत आपूर्ति चार घंटे के लिए बंद रखी गई। कटौती सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रभावी रुप से बंद रही। कंपनी के डी ई करण सिंह दोहरे ने बताया कि इस अवधि के दौरान फीडर पर रखरखाव और तकनीकी सुधार कार्य किया गया। मेंटेनेंस के कारण बरेठ रोड, जमुनानगर, एसजीएस कॉलेज क्षेत्र सहित इससे जुड़े आसपास के क्षेत्रों में बिजली सप्लाई पूरी तरह बाधित रही। विद्युत वितरण कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह मेंटेनेंस कार्य विद्युत आपूर्ति को अधिक सुरक्षित और निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसका लक्ष्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करना है।

नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई 110 मरीजों के नेत्रों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय सुधीर पिंगले की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. राज करण वर्मा, डॉ धर्मेंद्र अहिरवार ने 110 से अधिक मरीजों के नेत्रों की जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। शिविर में 31 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। ऐसे मरीजों को ऑपरेशन क़े लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी डॉ धर्मेन्द्र अहिरवार के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 19 चश्मों का निशुल्क वितरण किया गया। ट्रस्ट ने 39 मरीजों को दवाइयां वितरित कीं, 31 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए। शिविर में मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. ऐके जैन, गणेश राम रघुवंशी क़े मुख्य आतिथ्य में तथा सुरेन्द्र भारद्वाज, जगदीश अग्रवाल, हेमंत भंडारी की विशेष उपस्थिति में किया गया। जिसमे सदगुरुदेव अस्पताल क़े डॉ. राजकरण वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र अहिरवार, सुनील बाबू पिंगले, सेवादार साहूजी, मोहन सैनी, सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में सरदार सिंह सिसोदिया ने सहयोग दिया। अंत में सुनील बाबू पिंगले ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में भी नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाए जाएंगे।

रात्रि 3 बजे एसडीएम ने किया शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय का निरीक्षण

अस्पताल में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, मरीजों से की चर्चा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और शासकीय अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सिरोंज एसडीएम ओम नारायण बड़कुल ने शुक्रवार की रात्रि 3 बजे शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। देर रात हुए इस औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों में हलचल मच गया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का गंभीरता से मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बड़कुल ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, आपातकालीन कक्ष, ओपीडी व्यवस्था, दवा वितरण केंद्र, भर्ती मरीजों की देखभाल, स्वच्छता व्यवस्था एवं रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा

लिया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों और मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर एसडीएम ओम नारायण बड़कुल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं व स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले इस उध्येय से कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को मिलने वाली सुविधा का जायजा लिया गया।

मरीजों से चर्चा कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की ली जानकारी

एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे चर्चा कर उपचार व्यवस्था, चिकित्सकीय सेवाओं तथा उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। मरीजों से बातचीत के दौरान उन्होंने उपचार में किसी प्रकार की परेशानी या असुविधा होने पर तत्काल अस्पताल प्रबंधन को अवगत कराने की बात कही। मरीजों ने भी अपनी समस्याओं और सुझावों से प्रशासन को अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर उपचार, आवश्यक दवाइयां और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

एसडीएम बड़कुल के कार्यों की नागरिकों ने की सराहना

हाल ही में सिरोंज में पदस्थ हुए एसडीएम ओम नारायण बड़कुल द्वारा रात्रि 3 बजे शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय का किया गया। आकस्मिक निरीक्षण नगर सहित क्षेत्र के आम नागरिकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। देर रात अस्पताल पहुंचकर एसडीएम बड़कुल ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकीय एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से भी चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मरीजों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। आम नागरिकों ने एसडीएम की इस कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारी द्वारा रात्रि के समय अचानक अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना जनहित के प्रति उनकी गंभीरता और संवेदनशीलता को दर्शाता है। नागरिकों का मानना है कि ऐसे निरीक्षणों से अस्पतालों में कार्यरत कर्मचारियों की जवाबदेही बढ़ेगी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार देखने को मिलेगा। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन द्वारा इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, जिससे सरकारी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेगी।

देर रात हुए एसडीएम की निरीक्षण की आम नागरिकों ने की सराहना

एसडीएम बड़कुल ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल की व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। रात्रि के समय किया गया यह आकस्मिक निरीक्षण प्रशासन की सक्रियता और जनहित के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्थानीय नागरिकों ने भी एसडीएम द्वारा देर रात अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेने और मरीजों से सीधे संवाद स्थापित करने की पहल की सराहना की। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।

डॉक्टर विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के भरोसे ग्रामीणों की सेहत

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए शासन द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की गई है, लेकिन चिकित्सकों की कमी के कारण कई स्वास्थ्य केन्द्र केवल भवनों तक सीमित होकर रह गए हैं। ऐसा ही हाल सिरोंज विकासखंड के ग्राम गरेठा एवं कस्बाताल के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का है, जहां डॉक्टरों की अनुपस्थिति के चलते स्वास्थ्य सेवाएं केवल स्टॉफ के भरोसे संचालित हो रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों में लंबे समय से नियमित चिकित्सकों की पदस्थापना नहीं होने के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। केन्द्रों पर केवल नर्सिंग स्टॉफ और अन्य कर्मचारियों के माध्यम से व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध नहीं हो पाता।

उपचार के लिए सिरोंज आने को मजबूर ग्रामीण

डॉक्टरों के अभाव का सबसे अधिक असर गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और आपातकालीन मरीजों पर पड़ रहा है। छोटी-मोटी बीमारियों के उपचार के लिए भी ग्रामीणों को कई किलोमीटर का सफर तय कर सिरोंज स्थित शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय अथवा निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि खराब रास्तों और परिवहन सुविधाओं की कमी के कारण समय पर अस्पताल पहुंचना मुश्किल हो जाता है। कई बार मरीजों को निजी वाहनों या एम्बुलेंस की व्यवस्था करने में भी काफी समय लग जाता है। क्षेत्रवासियों ने शासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि ग्राम गरेठा एवं कस्बाताल के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शीघ्र स्थायी चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए।

सांदीपनि विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

सिरोंज। भारतीय संस्कृति में गुरु को ज्ञान, संस्कार और जीवन के मार्गदर्शन का सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। इसी परंपरा को सशक्त बनाने एवं विद्यार्थियों में गुरु के प्रति सम्मान और श्रद्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सांदीपनि विद्यालय में आयोजित किए जा रहे गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को एक प्रेरणादायी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गुरु-शिष्य संबंधों की महत्ता और गुरु से प्राप्त ज्ञान के महत्व पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यालय में 15 जुलाई से 29 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान शासन द्वारा निर्धारित गतिविधि कैलेंडर एवं चार्ट के अनुसार प्रतिदिन विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।

सफलता और उन्नति के पथ पर अग्रसर

इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विद्यार्थियों ने अपने उद्बोधनों में बताया कि गुरु केवल शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षक नहीं होते, बल्कि वे जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत और व्यक्तित्व निर्माण के शिल्पकार होते हैं। उन्होंने गुरु से प्राप्त ज्ञान को जीवन का प्रकाश बताते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से ही व्यक्ति अज्ञान के अंधकार से निकलकर सफलता और उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिभागियों के विचारों की सराहना की तथा गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

विद्यार्थियों को सदैव गुरुजनों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए

इस अवसर पर गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा सिरोंज ब्लॉक के समन्वयक गिरजेश आचार्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान भगवान से भी ऊँचा माना गया है और विद्यार्थियों को सदैव अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल का विकास करती हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती भारती सक्सेना द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार ने गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के आगामी कार्यक्रमों को भी इसी उत्साह और सहभागिता के साथ आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

स्व-सहायता समूह ने पिस्ता बाई को बनाया आत्मनिर्भर, किराना दुकान और डेयरी व्यवसाय से बदली आर्थिक स्थिति

सिरोंज। विकासखंड की ग्राम पंचायत खोंदुपुर, ग्राम महुयाखेड़ा बिल्लोची निवासी पिस्ता बाई ने ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की प्रेरणादायक मिसाल बन गई हैं। जय गुरुदेव स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने से पहले पिस्ता बाई की वार्षिक आय मात्र 21 हजार रुपये थी और परिवार का जीवन-यापन सीमित संसाधनों में होता था। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने नियमित बचत, समूह बैठकों में सहभागिता तथा वित्तीय प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। समूह को मिली चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश निधि तथा बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण प्राप्त कर उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया। पिस्ता बाई ने किराना दुकान और डेयरी व्यवसाय को आजीविका का माध्यम बनाया। वर्तमान में वे खेती-किसानी के साथ डेयरी एवं किराना दुकान का सफल संचालन कर रही हैं। डेयरी व्यवसाय से उन्हें नियमित आय प्राप्त हो रही है, वहीं किराना दुकान से भी परिवार की आर्थिक स्थिति लगातार मजबूत हुई है। आज उनकी वार्षिक आय लगभग 2 लाख 61 हजार 500 रुपये तथा मासिक आय लगभग 21 हजार 500 रुपये हो गई है। यह परिवर्तन उनकी मेहनत, आत्मविश्वास और स्व-सहायता समूह से मिले सहयोग का परिणाम है। पिस्ता बाई ने स्वयं सफल उद्यमी बनने के साथ-साथ गांव की 12 से 15 महिलाओं को भी स्व-सहायता समूहों से जोड़कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया है। उनके प्रयासों से कई महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। वहीं अपने गांव में किराना दुकान एवं डेयरी व्यवसाय की सफल महिला उद्यमी के रूप में पहचानी जाती हैं। उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और आत्मनिर्भरता की नई पहचान मिल रही है।

नप अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी का उत्साह से मनाया जन्मदिन

जन्मदिन पर फलों का वितरण और पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर परिषद के युवा अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी का बुधवार को उत्साह के साथ उनके समर्थकों साथियों भाजपा के कार्यकर्ताओं नगर परिषद की कर्मचारियों द्वारा जन्मदिन मनाकर बधाई और शुभकामनाएं दी गई। नगर परिषद अध्यक्ष चौधरी ने नगर की हनुमानगढ़ी मंदिर शक्ति धाम मंदिर एवं छींदधाम हनुमान मंदिर पहुंचकर विशेष पूजन और प्रार्थना की।

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी के नहर कॉलोनी स्थित निवास पर सुबह से जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं देने नगर एवं क्षेत्र की भाजपा कार्यकर्ताओं पार्षदों व्यापारियों गढमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। नगर परिषद कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर चौधरी को स्मृति

चिन्ह बैठकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

फलों का किया वितरण

नप अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी सिविल अस्पताल पहुंचे जहां कुपोषित बच्चों, भर्ती मरीजों को फलों का वितरण किया। चौधरी टीम पहल के आश्रम पहुंचे जहां गौशाला के लिए 11000 रुपए की राशि दी। मुख्य सडक़ पर बने डिवाइडर पर स्थान स्थान पर नगर परिषद अध्यक्ष चौधरी द्वारा साथियों के साथ वृक्षारोपण किया गया।

मुख्य सड़क पर बने गड्ढे बन रहे डिवाइड, हादसे को दे रहे न्यौता

गड्ढों को ठीक करने उदासीनता, वाहनों का बिगड़ रहा संतुलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर के बीचो-बीच से निकाली पुरानी न 12 की मुख्य सड़क का वर्षों से मेंटेनेंस नहीं हुआ था ना होने की सडक़ पर हो रही है और गड्ढे डिवाइडर का काम कर रहे हैं। बारिश का पानी गड्ढो में भरने से वाहनों का संतुलन भी बिगड़ रहा है।

पिछले दिनों में मुख्य सडक़ पर बने डिवाइडर की दोनों ओर सडक़ चौड़ीकरण पर लाखों की राशि खर्च की गई। सडक़ चौड़ी हो गई परंतु अतिक्रमण की समस्या हल न होकर और बढ़ गई सडक़ की किनारो पर दो पहिया चार पहिया वाहन खड़े रहने के साथ बैंकों बडे प्रतिष्ठानों के सामने अघोषित वाहन स्टैंड बन जाने से मुख्य सडक़ पर कभी भी जाम लगने की परेशानियां भरी स्थिति बनती है।

गड्ढों की मरम्मत जरूरी: नगर के बीचो-बीच से निकली मुख्य

सडक़ पर पूर्व से डिवाइड बना हुआ है मुख्य सडक़ पर कब्रिस्तान चौराहे की पुलिया पर अतिक्रमण के साथ एक और सडक़ क्षतिग्रस्त हो गई जिसके पत्थर गिट्टी वाहनों के लिए परेशानी और संतुलन बिगडने का कारण बन रहे हैं।

इसी प्रकार की स्थिति विश्रामगृह चौराहे कन्या शाला रोड पर बनी हुई है पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से बने गढ़ों का आकार बढ़ता जा रहा है। और वाहनों का संतुलन बिगडने की जोखिम भरी स्थिति बनी रहती है।

राजस्थान मिष्ठान भंडार के सामने भी बने गड्ढे का आकार बढ़ता जा रहा है नगर की अन्य प्रमुख सडक़े क्षतिग्रस्त और गड्ढो भरी हो जाने से परेशानी का कारण बन रही है जिनकी समय रहते मरम्मत सुधार से असुरक्षित बने यातायात से मुक्ति मिल सकती है।

मुख्यमंत्री दौरे पर विधायक ने फिर उठाया जल संकट का मुद्दा

गर्मी में प्यासा रहता है जिला, अब स्थायी जल योजना लागू करे सरकार: यादवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित टीकमगढ़ दौरे पर जिले के बहुप्रतीक्षित पेयजल संकट का मुद्दा एक बार फिर राजनीतिक और जनचर्चा के केंद्र में आ गया है। विधायक यादवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से जिले की वर्षों पुरानी जल समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग करते हुए कहा है कि टीकमगढ़ की जनता अब केवल घोषणाएं और आश्वासन नहीं, बल्कि घर-घर तक स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल चाहती है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष भीषण गर्मी में हजारों परिवार पानी के लिए दर-दर भटकते हैं, लेकिन अब तक इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

विधायक ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को अब और अधिक समय तक टाला नहीं जा सकता। यदि समय रहते ठोस और दीर्घकालिक जल आपूर्ति योजना लागू नहीं की गई तो आने वाले वर्षों में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। विधायक ने याद दिलाया कि उन्होंने विधानसभा में भी टीकमगढ़ के पेयजल संकट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। इस दौरान सरकार से जवाब मांगते हुए उन्होंने जिले की वास्तविक स्थिति सामने रखी थी। चर्चा के दौरान प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और विधायक यादवेंद्र सिंह के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई थी। विधानसभा में मंत्री तुलसीराम सिलावट ने हस्तक्षेप करते हुए कहा था कि जब विपक्ष की सोच ही उलटी हो तो मैं कुछ नहीं कर सकता। जबकि यह मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार है, जो कहा है वह करेगी और बहुत जल्द करेगी। इस पर विधायक यादवेंद्र सिंह ने पलटवार करते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार है तो क्या उल्टा पानी ले आओगे? क्या पहाड़ पर पानी चढ़ा दोगे?

गांवों में बिक रही शराब-गांजा, युवा पीढ़ी हो रही शिकार

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में फैला नशा सामग्री बेचने का अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर एवं संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में जर्दा सुपारी खाने और खिलाने का चलन बना हुआ है। गांव में शराब और धुआ उड़ा कर नशा करने गांजा एवं अन्य सामग्री आसानी से मिल जाने के कारण युवा और छात्र शिकार हो रहे हैं। बारना घोघरा नदियों के आसपास विंध्याचल पर्वत की तलहटी में बसे कुछ ग्राम दशकों से अवैध कच्ची शराब बनाने बचने के लिए कुख्यात है। नशा के फैल रहे कारोबार पर लगाम लगाने आबकारी विभाग सुस्त और उदासीन बना रहता है। पुलिस द्वारा कभी-कभी नशा कारोबारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाती है।

जुआ सट्टा का फैला कारोबार

नगर की साथ ग्रामीण क्षेत्र में सट्टा और जुआ कारोबार फैला हुआ है। नगर के कुछ स्थानों पर सट्टा खेलने खिलाने वालों की बेखोफ गतिविधियां चलती रहती है। पुरानी बस्ती और नगर की अधिकांश भाग एवं ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस की गस्त चेकिंग ना होने के साथ पुलिस का खुफिया तंत्र कमजोर होने या मिली भगत से सट्टा जुआ खेलने खिलाने वाले और नशा सामग्री बेचने वाले बेखोफ बने रहते हैं। सट्टे का खेल मोबाइल के कारण बहुत आसान हो गया है। आईपीएल पर सट्टा जुआ और नशा प्रवृत्ति के कारण परिवारों में झगड़ा और बर्बादी हो रही है।

विद्यालयों के पास बिक रही नशा सामग्री

नगर के बीचो-बीच से निकली मुख्य सडक़ के किनारे आसपास सरकारी और प्राइवेट स्कूल है। सडक़ों पर अतिक्रमण कर पान गुटका की दुकानों पर सिगरेट जर्दा का गुटका युवाओं छात्रों को आसानी से मिल जाने के कारण बचपन में ही नशा प्रवृत्ति की ओर कदम बढऩे नशा की लत का शिकार हो रहे हैं। नशा सामग्री बेचने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जरूरी है।

पटवारियों की हड़ताल से राजस्व कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

अनिवार के अंतर्गत आने वाली देवरी उदयपुरा बरेली और बाड़ी तहसीलों के पटवारी द्वारा अपनी मांगों के लिए तीन दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर चले जाने से ग्रामीण किसानों की राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित और पिछड़ रहे हैं। पटवारी द्वारा अतिरिक्त कार्यों का उचित मानदेय देने पटवारियों पर बढ़ते अतिरिक्त विभागीय कार्यों का बोझ कम करने और राजस्व संबंधी कार्यों पर ध्यान दिए जाने की मांग की जा रही है।

पटवारियों की बुधवार से हड़ताल शुरू हुई शुक्रवार तक पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे शनिवार रविवार को अवकाश के कारण पटवारी की हड़ताल 5 दिन की हो गई सोमवार से पटवारी द्वारा कामकाज प्रारंभ किया जावेगा। पटवारी द्वारा रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती किए जाने तकनीकी समस्याओं का स्थाई समाधान किया जाने वेतन विसंगतियां और पदोन्नति से जुड़े लंबित मामलों के निराकरण और सेवा संबंधी लंबित मांगों पर वार्ता एवं लिखित में आश्वासन की मांग की जा रही है।

सांची अमृत भारत स्टेशन का लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यपाल पटेल बोले

विश्व बौद्ध धरोहर सांची को मिली विश्व स्तरीय रेल सुविधा के लिए नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

विश्व धरोहर सांची को शुक्रवार को आधुनिक रेलवे सुविधाओं की बड़ी सौगात मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों के साथ सांची रेलवे स्टेशन का भी वर्चुअल लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरियाणा की जींद में आयोजित कार्यक्रम में सांची में आयोजित मुख्य समारोह में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर परिषद सांची अध्यक्ष रेवाराम पप्पू अहिरवार, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी दीपक नायक, पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह, पंकज कुमार त्यागी सौरभ पटेरिया सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना, सामूहिक योग प्रदर्शन और स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। मंचासीन अतिथियों का जीवंत पौधे भेंटकर स्वागत किया। संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा उर्वशी साहू ने विकसित सांची रेलवे स्टेशन पर अपनी प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

सांची को आधुनिक रेलवे स्टेशन मिलना बड़े गौरव की बात

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि सांची जैसे ऐतिहासिक और विश्व धरोहर स्थल को आधुनिक रेलवे स्टेशन मिलना पूरे देश प्रदेश के लिए गौरव की बात है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। योजना के तहत पुराने रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने के साथ ही उन्हें आकर्षक के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। पुनर विकसित स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाएं, नवीन तकनीक, बेहतर यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, सुलभ पहुंच सहित अन्य विशेषताएं हैं। यह योजना यात्रा को बेहतर बनाने के साथ ही स्थानीय आवश्यकताओं और सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए रेल स्टेशन को एक समग्र आधुनिक और सुलभ परिवहन केंद्र में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि सांची रेलवे स्टेशन के पुनर विकास में बौद्ध स्तूपों के साथ ही क्षेत्रीय सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर तथा स्थापित कला की झलक को दिखाने का प्रयास किया गया है।

देश में रेलवे का तेजी से हो रहा आधुनिकीकरण

केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में रेलवे का तेजी से आधुनिकीकरण हो रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना विकसित भारत के संकल्प को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध सांची स्तूप आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को अब आधुनिक रेलवे सुविधाओं का लाभ मिलेगा। सांची रेलवे स्टेशन का लगभग 8 करोड़ 77 लाख रुपए की लागत से पुनर्विकास किया गया है।

आधुनिकीकरण की दौर में सांची रेल्वे स्टेशन प्रमुख : महाप्रबंधक

पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने अमृत भारत स्टेशन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश के कई रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिनमें सांची प्रमुख है। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा, सुगम आवागमन और बेहतर यात्री अनुभव को प्राथमिकता दी है।

सांची स्टेशन अब विश्वस्तरीय रेलवे सुविधाओं से जुड़ गया

सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने इसे जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा अमृत भारत रेल्वे स्टेशन सांची अब विश्वस्तरीय रेलवे सुविधाओं से जुड़ गया है। जिससे सांची के पर्यटन और स्थानीय विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने दादर-अमृतसर एक्सप्रेस तथा महामना एक्सप्रेस के सांची स्टेशन पर स्टॉपेज ठहराव की मांग भी रखी। संचिकीय मॉडल रेलवे स्टेशन न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि देश-विदेश के आने वाले पर्यटकों के लिए भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त है उन्होंने विश्वास व्यक्त किया की सांची रेलवे स्टेशन क्षेत्र के समग्र विकास पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नए गीत गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रभारी मंत्री की अनुपस्थिति बनी जनचर्चा का विषय

भव्य समारोह के बीच जिले के प्रभारी एवं मत्स्य मंत्री नारायण सिंह पंवार की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। कार्यक्रम में उनके शामिल होने की संभावना थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से वे समारोह में नहीं पहुंच सके। इसे लेकर कार्यक्रम स्थल पर लोगों के बीच दिनभर चर्चाएं होती रहीं।

वन विकास निगम की नाक के नीचे ही जंगलों का संहार

अंतरराज्यीय गिरोह के खुलासे के बाद भी नहीं जागा कुंभकर्णी नींद में सोया विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

मुड़ियाखेड़ा में करोड़ों रुपए की कीमती सागौन की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह की गिरफ्तारी को अभी चंद दिन ही बीते थे कि अब वन विकास निगम के अधिकार क्षेत्र से वन संपदा के विनाश की एक और खौफनाक तस्वीर सामने आई है।

ताजा मामला गोपालपुर खिड़की, उड़दमऊ और जैतपुर के जंगलों का है, जहां रात-दिन सैकड़ों एकड़ वन भूमि पर हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर माफिया खेतों का निर्माण कर रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इन क्षेत्रों में कीमती पेड़ों पर सरेआम कुल्हाड़ियां और आरा मशीनें चलाई जा रही हैं। जंगल साफ कर जमीन को समतल किया जा रहा है ताकि उस पर अवैध रूप से खेती की जा सके। लेकिन जिम्मेदार अफसर दफ्तरों से बाहर निकलने की जहमत नहीं उठा रहे हैं।

आरोप : वन अधिकारियों की शह पर कट रहे पेड़

आक्रोशित ग्रामीणों ने वन अमले पर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारियों की मूक सहमति और वन समिति की मिलीभगत से ही यह पूरा अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे आस-पड़ोस के वन क्षेत्रों में महीनों से कोई भी अधिकारी कर्मचारी गश्त (पेट्रोलिंग) के लिए नहीं आया है। गश्त न होने का फायदा उठाकर माफिया बिना किसी डर के जंगलों को मैदान में तब्दील कर रहे हैं।

इनका कहना है

मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है जांच दल गठित कर कार्यवाही की जा रही, अपराधियों को छोड़ा नहीं जाएगा।
- करण सिंह मरकाम,
डिप्टी रेंजर, देवरी गढ़ी बीट।

अब ई-दक्ष केंद्र में शुरू होगा सीपीसीटी प्रशिक्षण, अनुभवी प्रशिक्षक देंगे ट्रेनिंग

रायसेन। कम्प्यूटर आधारित नौकरियों की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए रायसेन शहर के तहसील कार्यालय परिसर स्थित ई-दक्ष केन्द्र में सीपीसीटी प्रशिक्षण का नया बैच शुरू किया जा रहा है। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का पंजीयन प्रारंभ कर दिया है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को सीपीसीटी परीक्षा का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। साथ ही हिंदी एवं अंग्रेजी टाइपिंग, कम्प्यूटर प्रैक्टिस और परीक्षा से संबंधित आवश्यक तकनीकी जानकारी अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य अभ्यर्थियों को सीपीसीटी परीक्षा के लिए बेहतर तरीके से तैयार करना और उनकी सफलता की संभावनाओं को बढ़ाना है।

गड़बड़ी के आरोपों में घिरा बेगमगंज का आजीविका मिशन, जांच की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

जिले की बेगमगंज जनपद पंचायत में संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एक बार फिर कथित वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर विवादों में है। पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव को शिकायत भेजकर सहायक विकासखंड

प्रबंधक (प्रभारी) सुधीर सोनी को तत्काल पद से हटाने तथा पूरे मामले की वरिष्ठ अधिकारियों की स्वतंत्र समिति से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

शिकायत में आरोप है कि महिला स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार और आजीविका के लिए प्राप्त शासकीय सहायता एवं ऋण वितरण में अनियमितताएं हुई हैं। साथ ही यह भी आरोप है कि पति-पत्नी वर्षों से एक ही परियोजना में पदस्थ रहते हुए कार्य कर रहे हैं, जिससे पारदर्शिता और हितों के टकराव को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कई शिकायतें और जांच की मांग होने के बावजूद संबंधित अधिकारियों को हटाने के बजाय मामले में लीपापोती की जा रही है।

मनरेगा में राशि के कथित दुरुपयोग की हुई थी शिकायत

इससे पहले मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं जिला पंचायत रायसेन ने मनरेगा मद की राशि के कथित दुरुपयोग की शिकायत पर जांच के निर्देश दिए थे। शिकायत में विकासखंड प्रबंधक सुनीता सोनी पर मनरेगा राशि के अनुचित उपयोग और बैंक खातों के माध्यम से हुए वित्तीय लेन-देन की जांच कराने की मांग की गई थी।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल के उपयुक्त समन्वय ने जिला पंचायत रायसेन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सात दिन में जांच कर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए थे। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी जांच किसी ठोस निष्कर्ष तक नहीं पहुंची।

बिजली कंपनी के सेवा शिविर में एक लाख रुपए के बकाया बिल हुए जमा

होली चौक जैन धर्मशाला में हुआ शिविर, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संचालित संपर्क अभियान के तहत नगर में लगातार सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी सेवाएं उनके निकट उपलब्ध कराना, विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना तथा लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित होली चौक जैन धर्मशाला में सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने पहुंचकर विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में सहायक प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, सहायक राजस्व अधिकारी रजत सोनी, परीक्षण सहायक प्रदीप झारिया, गुलाब सिंह भवेदी, वरिष्ठ लाइनमैन हेमराज चौधरी, केपीओ केशव रघुवंशी तथा मीटर रीडर अमन चौरसिया सहित बिजली कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को बिजली कंपनी की योजनाओं, ऑनलाइन सेवाओं, समय पर बिल भुगतान के लाभ तथा उपभोक्ता सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी।

शिविर के दौरान उपभोक्ताओं ने विभिन्न प्रकार के आवेदन भी प्रस्तुत किए। इनमें 5 नाम परिवर्तन, 3 नए विद्युत कनेक्शन तथा 10 मोबाइल नंबर परिवर्तन के आवेदन शामिल रहे। वहीं अनेक उपभोक्ताओं ने अपने लंबित बिजली बिलों का भुगतान किया। शिविर में कुल एक लाख रुपये की बकाया राशि जमा हुई।

अभाविप ने फूंका पुतला, लगाए जिला महासचिव मुर्दाबाद के नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

अखिल भारतीय विधार्थी परिषद सिलवानी द्वारा गुरुवार रात्रि नगर के बजरंग चौराहा पर छात्र संगठन एनएसयूआई भोपाल जिला पदाधिकारी का पुतला जलाया। पदाधिकारी पर उनके ही संगठन की एक जनजातीय छात्रा द्वारा दुष्कर्म किए जाने के आरोप लगाए है। जो कि एक गंभीर मामला है।

अभाविप भाग संयोजक जय यादव ने कहा कि कांग्रेस के छात्र संगठन के संस्कार यही है क्या इस प्रकार से छात्रों का नेतृत्व करती है, इससे उनका चरित्र स्पष्ट होता है कि किस विचारो को लेकर चल रहा है। उन्होने स्पष्ट रुप में कहा की इस प्रकरण की निष्पक्ष, त्वरित एवं समयबद्ध जांच कर दोषी पाए जाने पर उसके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

किसी भी छात्रा के सम्मान, सुरक्षा एवं न्याय के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता।

एक पखवाड़े बाद हल्की बारिश से बदला मौसम, किसानों ने ली राहत भरी सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

ग्रामीण अंचलों में करीब 14 दिनों के लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को हुई हल्की बारिश ने किसानों के चेहरों पर फिर से उम्मीद की मुस्कान लौटा दी। पिछले दो सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण धान की रोपाई लगभग ठप पड़ गई थी और जिन किसानों ने पहले ही रोपाई कर दी थी, उनकी फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई थी। हल्की बारिश से खेतों में नमी लौटने लगी है, जिससे किसानों को राहत मिली है।

बारिश के साथ ही क्षेत्र में कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से भी लोगों को राहत मिली। दोपहर तक मौसम सुहावना बना रहा और ठंडी हवाओं ने लोगों को सुकून दिया। बाजारों और गांवों में भी मौसम बदलने से लोगों के चेहरे

खिले नजर आए।

किसानों का कहना है कि यह बारिश राहत जरूर लेकर आई है, लेकिन धान की रोपाई और खरीफ फसलों के लिए अभी लगातार अच्छी बारिश की आवश्यकता है। यदि अगले कुछ दिनों तक पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो खेती पर फिर संकट गहरा सकता है।

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि मानसून अब रफ्तार पकड़ेगा और आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होगी, जिससे धान की रोपाई तेज होगी तथा खरीफ फसलों को नया जीवन मिलेगा। फिलहाल हल्की बारिश ने किसानों की चिंता कुछ कम कर दी है और उमस से परेशान लोगों को भी बड़ी राहत मिली है।

जिला क्रिकेट संघ की वार्षिक साधारण सभा

दिसंबर माह में फिर होगा डॉ. गौरीशंकर शेजवार टैलेंट हंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला क्रिकेट संघ की वार्षिक साधारण सभा भोपाल स्थित भोजपुर क्लब में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मुदित शेजवार ने की। बैठक में बीते वर्ष की क्रिकेट खेल गतिविधियों, खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन और जिले में आयोजित प्रतियोगिताओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने जिले में क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं के आयोजन, नियमित प्रशिक्षण शिविर शुरू करने रायसेन में बेहतर क्रिकेट मैदान और अभ्यास के लिए आधुनिक नेट तैयार करने पर सुझाव रखे। क्रिकेट संघ के सचिव अजहर कुरैशी ने

बताया कि बैठक में भोपाल संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील सिंह ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर धाकड़ पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। उनकी मौजूदगी में वार्षिक कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूली क्रिकेट प्रतिभाओं की खोज के लिए डॉ. गौरीशंकर शेजवार टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन दिसंबर 2026 में किया जाएगा।

आत्महत्या से उपजे आक्रोश के बाद अवैध शराब के खिलाफ सड़क पर उतरीं महिलाएं

'नशे से दूरी है जरूरी' के तहत निकाली जन-जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

क्षेत्र में बढ़ते नशे के ग्राफ और अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ सलामतपुर पुलिस ने कड़ा रुख अपनाना शुरू कर दिया है। एक दिन पहले हुए भारी हंगामे और जन-आक्रोश के बाद, सलामतपुर थाना पुलिस ने स्थानीय महिलाओं को साथ लेकर 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत एक विशाल जागरूकता रैली निकाली।

रैली में राजीवनगर, इंद्रानगर और शुक्ला कॉलोनी की सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया और नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की। रैली का नेतृत्व खुद थाना प्रभारी श्यामराज सिंह सोमवंशी ने किया।

इस जन-जागरूकता रैली की पृष्ठभूमि एक दिन पहले हुई एक दुखद घटना से जुड़ी है। ऐसे आरोपी है कि राजीवनगर के रहने वाले एक आदिवासी युवक नवल रावत ने शराब की लत और इससे उत्पन्न परिस्थितियों के कारण फांसी लगाकर

आत्महत्या कर ली थी।

इस आत्मघाती कदम से गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने युवक की मौत का जिम्मेदार क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब को ठहराया। उग्र ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया था। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई थी कि पुलिस को मामला शांत कराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेचने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार भी किया था।

सेमरा स्कूल में नाटक और शपथ के साथ चला जागरूकता अभियान

दीवानगंज। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल सेमरा में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नशे से दूरी है जरूरी विषय पर प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार और पूरे समाज को भी प्रभावित करता है। छात्रों की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया और नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश दिया।

मुख्य अतिथि सलामतपुर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह एवं दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी जागरूक करने का आह्वान किया।